पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

काकोरी शहीद स्मारक का पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकास - राज्यपाल

मुख्यमंत्री आगामी अनुपूरक बजट में धनराशि का प्रावधान करें - श्री नाईक

लखनऊः 9 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा है कि काकोरी शहीद स्मारक को शहीदों के सम्मान में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा, जिससे नयी पीढ़ी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन आदर्शों से परिचित हो सके। काकोरी शहीद स्मारक को विकसित करने हेतु रूपये 4 करोड़ की लागत की परियोजना का प्रारूप तय किया गया था। इस बाबत राज्यपाल ने बताया कि उनकी मुख्यमंत्री से बात हुई है कि आगामी सत्र में अनुपूरक बजट में इस परियोजना हेतु आवश्यक धनराशि का प्रावधान किया जायेगा।

राज्यपाल ने आज काकोरी शहीद स्मारक जाकर 'काकोरी ट्रेन एक्शन' की 91वीं वर्षगांठ एवं 'भारत छोड़ो आन्दोलन' की 74वीं वर्षगांठ के अवसर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर ओजस्वी भाषण देने हेतु कु0 मन्तशा एवं आकाश सिंह को रूपये एक-एक हजार की धनराशि से पुरस्कृत कर अभिनन्दन किया।

श्री नाईक ने कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ को देखते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि नयी पीढ़ी स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण घटना को अधिक समझ एवं जान रही है। शहीदों के जीवन आदर्श पर चलकर देश के लिए कुछ करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर ने 1857 के पहले युद्ध को स्वतंत्रता समर कहा था, जबकि अंग्रेज हुकुमत ने इसे बगावत का नाम दिया। उन्होंने कहा कि स्वातंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी के लिए आमजन के मन में जो चिंगारी जलायी उसी पर चलकर हम आजाद हुए।

राज्यपाल ने कहा कि 9 अगस्त, 1925 भारत की आजादी की लड़ाई का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिवस है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने काकोरी रेल घटना को अंजाम दिया। उनका लक्ष्य लूट नहीं देश को आजाद कराना तथा अंग्रेजी सत्ता के विरूद्ध जनजागरण पैदा करना था। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले काकोरी क्षेत्र का नाम इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

श्री नाईक ने कहा कि आज के दिन 9 अगस्त को मुंबई में कांग्रेस के अधिवेशन में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' की शुरूआत हुई थी। सुभाष चन्द्र बोस ने देश के बाहर विदेश जाकर शक्ति संग्रह कर अंग्रेजों के विरूद्ध 'दिल्ली चलो' का नारा देकर युद्ध छेड़ा। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से हमें आजादी मिली है। स्वतंत्रता समर में सभी ने अपने क्षमता के अनुसार पूरे समर्पण से अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध तथा आन्दोलन किया और देश को स्वतंत्र कराया। राज्यपाल ने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि 'काकोरी ट्रेन एक्शन' को स्वाधीनता सप्ताह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि ईद और होली के बाद कई दिनों तक इन पर्वों का उत्साह रहता है, उसी प्रकार स्वाधीनता सप्ताह मनाये जाने और लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर काकोरी शहीद स्मारक परिसर में वृक्षारोपण भी किया। जिलाधिकारी श्री राजशेखर ने कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक श्री इन्द्र रावत, श्री उदय खत्री सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें।

अंजुम/ललित/राजभवन (283/13)

काकोरी ट्रेन एक्शन की 91वीं वर्षगांठ
तथा
भारत छोड़ो आन्दोलन की 74वीं वर्षगांठ
के अवसर पर आयोजित समारोह
मुख्य अतिथि
श्री राम नाइक
मा० श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
की गरिमामयी उपस्थिति
दिनांक: 09.08.2016 समय: प्रातः 9.30 बजे से
स्थान: शहीद स्मारक, बाजनगर काकोरी, लखनऊ
KAZMI

काकोरी ट्रेन एक्शन की 91वीं वर्षगांठ
तथा
भारत छोड़ो आन्दोलन की 74वीं वर्षगांठ
के अवसर पर आयोजित समारोह
मुख्य अतिथि
श्री राम नाइक
मा० श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
की गरिमामयी उपस्थिति
दिनांक: 09.08.2016 समय: प्रातः 9.30 बजे से
स्थान: शहीद स्मारक, बाजनगर काकोरी, लखनऊ
राजकमल यादव
राजेश कुमार पाण्डेय
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
राजशेखर
(आई.ए.एस.)